तापमान
अधिकतम 32.8 डिग्री
न्यूनतम 24.7 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 6 सितंबर, 2025

11 अग्रोहा में व्याख्या केंद्र स्थापित करने की योजना तैयार



12 हांसी में जलभराव से परेशान लोगों ने किया हंगामा



## खबर संक्षेप

### अध्यापकों ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व स्कूल फैडेरैशन आफ इंडिया से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ का एक शिष्टमंडल अध्यापकों के लंबित मुद्दों को लेकर जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी से मिला और ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर अध्यापक संघ के जिला सचिव विनोद प्रभाकर, राज्य ऑडिटर पवन कुमार, जिला उपप्रधान वीरेंद्र सिंह, वित्त सचिव विजेंद्र सिंह, आमंत्रित सदस्य विजय सिंह, ब्लॉक हिसार द्वितीय के प्रधान अशोक यादव आदि भी शामिल रहे।

### नगर निगम ने शहर से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली व निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार नगर निगम की तहबाजारी टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने अभियान निरंतर जारी है। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की शुरूआत सिरसा चुंगी से की गई। इसके बाद सेक्टर 14 गेट नम्बर 1 व 2, बस स्टैण्ड के सामने, डाबड़ा चौक से आईटीआई चौक तक, साउथबाईपास, कैमरी रोड से अतिक्रमण हटाया।

### अग्रसेन मेडिकल कॉलेज ने मनाया शिक्षक दिवस

**हिसार।** महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, आग्रोहा में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व सांसद जनरल डी.पी. वत्स मुख्य अतिथि और प्रशासनिक निदेशक डॉ. अशुतोष शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कॉलेज के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। नर्सिंग छात्राओं ने रैंप वॉक, नृत्य एवं अन्य प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने गुरुओं का मनोरंजन किया। फिजियोथेरेपी कॉलेज के विद्यार्थियों ने गुरु–शिष्य परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डाला।

### चेक बाउंस मामले में उद्घोषित आरोपी काबू

**हांसी।** जिला भर में उद्धघोषित अपराधी, बेल जंपर के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शहर थाना पुलिस ने उद्धघोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान रामपुरा मौहल्ला निवासी चंद्र शेखर के रुप में हुई है। पीओ स्टाफ इंचार्ज आशा राम ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत द्वारा चेक बाउंस मामले में उद्धघोषित अपराधी करार दिया हुआ था। पीओ स्टाफ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### रोटरी क्लब हिसार का रक्तदान शिविर 7 को

**हिसार।** रोटरी क्लब हिसार समाजसेवा की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 7 सितंबर को रक्तदान शिविर आयोजित कर रहा है। यह शिविर सुबह 9:30 बजे से सनसिटी हॉल, दिल्ली रोड स्थित बैंकेट हॉल में प्रारंभ होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन, डॉ. सपना गहलावत उपस्थित रहेंगी। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. के.के. वर्मा ने बताया कि रक्त की कमी के कारण कई बार मरीजों की जान खतरे में पड़ जाती है।

### दयानंद कॉलेज में शिक्षक दिवस पर हवन आयोजित

**हिसार।** दयानंद कॉलेज शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में हवनका आयोजन किया गया। हवन में सभी शिक्षक तथा गैर-शिक्षक कर्मचारियों के साथ-साथ विद्यार्थियों ने भी आहुति डाली। प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने सभी को शिक्षक दिवस की बधाई दी। हवन यज्ञ पूर्ण करवाने में आर्य समाज समिति की संयोजिका डॉ. मोनिका कक्कड़ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ. यशुराय, डॉ. वलेरिया सेठी, डॉ. मंजू शर्मा, प्रो. शालू, डॉ. रतीशचन्द्र मिश्रा, डॉ. रूचिका चहल, आदि उपस्थित रहे।

# हिसार-घग्गर मल्टीपर्पज ड्रेन ने करवाई जिला प्रशासन और लोगों को तौबा

**चालू सीजन में 10 से अधिक बार अलग-अलग गांवों में टूटी ड्रेन**

**खास बातें**

- गांव कैमरी व गंगवा के बीच टूटी ड्रेन पर बांध बनाने पहुंची पोपलेन मशीन दलदल में धंसी
- लगभग 25 हजार किसानों ने 1 लाख 45 हजार एकड़ क्षेत्र में फसल खराबा दर्ज किया
- गुराना में सिंघवा माइनर टूटी, खानपुर में जलभराव





हिसार। हिसार–घग्गर ड्रेन में आई दरार को पाटने के दौरान डूबी पोपलेन मशीन तथा घर में घुसे पानी को बाल्टी से बाहर फेंकती महिला। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार-घग्गर मल्टीपर्पज ड्रेन में चल रहा क्षमता से दोगुना पानी जिले के कई गांव गांवों में कहर बरपा रहा है। जींद जिला तथा भिवानी जिले के कुछ एरिया समेत हिसार जिले का बरसाती पानी अलग-अलग लिंक ड्रेन में से होकर हिसार-घग्गर ड्रेन में आता है। चालू सीजन में जिले में सामान्य से लगभग डबल बारिश होने के कारण भी हिसार-घग्गर ड्रेन में पानी लबालब है।

पड़ोसी जिलों से जलभराव से बचने के लिए लगातार हिसार-घग्गर ड्रेन में पानी छोड़ जा रहा है। इस कारण ड्रेन पूरी तरह से ओवरफ्लो चल रही है और बार-बार टूट रही है। इसके टूटने की वजह उचित रखरखाव भी है। पिछले कुछ वर्षों से बारिश सामान्य या उससे कम रहने के कारण ड्रेनों की साफ-सफाई के मामले में सफाई कम और खानापूर्ति ज्यादा की गई। हालांकि इस सीजन में कुछ स्थानों पर हिसार-घग्गर मल्टीपर्पज ड्रेन की सफाई जरूर करवाई गई थी, लेकिन पीछे से ड्रेन में छोड़ जा रहे पानी के कारण यह बार-बार टूट रही है। गांव कैमरी, लाडवा, टोकस, मात्रश्याम, शाहपुर, न्योलीकलां, चूली, बासड़ा, घिराय, खरड़, खरकड़ी, सिंघवा में ड्रेनें टूटी चुकी है। कई गांवों तो ऐसे भी है जहां ड्रेन दो से अधिक बार टूट चुकी है।

### सुबह धूप खिली, दोपहर को फिर बारिश

पिछले एक सप्ताह से हिसार व आसपास के क्षेत्रों में बारिश का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार की सुबह अच्छी धूप खिलने से लोगों को लगातार चल रही बारिश से कुछ राहत मिली थी। धूप खिलने के बाद प्रशासन की तरफ से किए जा रहे जल निकासी के कार्यों में भी तेजी आई थी, लेकिन दोपहर बाद मौसम ने फिर करवट ली और बारिश शुरू हो गई। बारिश ने बचाव कार्यों को प्रभावित कर दिया। करीब एक घंटे तक बारिश होने से जलभराव से प्रभावित इलाकों में स्थिति और बिगड़ गई।

### ड्रेन पाटने का काम दूसरे दिन भी रहा जारी

जिले में क्षमता से अधिक पानी आने से ड्रेनों के टूटने का सिलसिला लगातार जारी है। गुरुवार को गंगवा में हिसार-घग्गर मल्टीपर्पज ड्रेन को पाटने का कार्य शुक्रवार की शाम तक भी जारी था। ड्रेन टूटने के करीब 40 घंटे से पानी लगातार कैमरी और गंगवा क्षेत्र में लगातार बहा रहा है, जिसके चलते ढाणियों पानी में डूब चुकी है। बचाव कार्य में लगी पोपलेन मशीन भी ड्रेन के पानी से मिट्टी दलदली होने के कारण धंस गई। बाद में दूसरी मशीन को लगाकर बांध बनाने का कार्य शुरू करवाया गया। उधर, किश्त की मदद से ढाणियों से प्रभावित लोग अपना जरूरी सामान निकलने में जुटे है। इसके अलावा शुक्रवार की सुबह गांव गुराना में सिंघवा माइनर टूट गई, जिससे गांव खानपुर की एरिया में भारी जलभराव हो गया। उधर जिले के तीन नेशनल हाइवे हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे-52, हांसी से बरवाला में गुजरने वाले नेशनल हाइवे 148 बी और दिल्ली-हिसार नेशनल हाइवे नंबर 9 पानी में डूब गया। वहीं सरसौद-राजली से बिचपड़ी की तरफ आने वाले पानी से हिसार चंडीगढ़ हाइवे पर पानी भर गया है। इसे निकालने के लिए अब गांव जेवरा में सड़क उखाड़ दी गई है, ताकि नेशनल हाइवे से पानी कम हो जाए। उधर, गांव राजली में दो मंजिला मकान ढहा। इस दौरान परिवार के सदस्य बाल-बाल बच गए। जिले के गांव राजली, सरसौंद, बिचपड़ी, लितानी, गुराना, आर्यनगर, चैनत, मिर्जापुर, पातन-टोकस सहित कई गांवों में जलभराव के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त है। कई गांवों में लोगों के घरों में पानी घुस चुका है।

### ग्रामीणों ने मिर्जापुर में फिर लगाया जाम



गांव मिर्जापुर में बस्ती में जलनिकासी के उचित प्रबंध से नाराज ग्रामीणों ने सुबह के समय खरकड़ी-मिर्जापुर रोड पर जाम लगा दिया। इस पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को मनाने का प्रयास किया। करीब दो घंटे तक जाम लगा रहने से वहां से आवागमन करने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### नुकसान की भरपाई करेगी सरकार : गंगवा



**हिसार।** लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि विभिन्न गांवों में हुए जलभराव के कारण से फसलों को हुए नुकसान के पंजीकरण हेतु जिले के 276 गांवों के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। इससे पहले यह पोर्टल 81 गांवों के लिए खुला था। अब 276 गांवों के किसान इस पोर्टल पर फसलों को हुए खराबे को दर्ज कर सकते है। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने शुक्रवार को बरवाला, हिसार व अन्य क्षेत्रों में प्रबंधों की समीक्षा के दौरान ग्राम वासियों के साथ बातचीत में यह जानकारी दी। ई-क्षतिपूर्ति पर डाले गए 276 गांवों में आदमपुर तहसील के 30, बालसमंद के 19, बरवाला के 28, बांस के 19, हांसी के 43, हिसार के 87, खेड़ी जालब के 17, नारनौंद के 18 तथा उकलाना तहसील के अंतर्गत 15 गांव शामिल है। अभी तक लगभग 25 हजार किसानों ने 1 लाख 45 हजार एकड़ क्षेत्र का खराबा दर्ज कर दिया है। उन्होंने अन्य किसानों से भी अपील करते हुए कहा कि वे जल्द से जल्द अपनी फसलों के हुए नुकसान का स्वयं सत्यापन ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर करें। इस संबंध में राजस्व विभाग के अधिकारियों को भी जरूरी हिदायत दे दी गई है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जलभराव से हुए नुकसान की भरपाई प्रदेश सरकार द्वारा की जाएगी। फसलों के साथ-साथ जिन लोगों के मकानों को नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई भी की जाएगी। इसके लिए राजस्व व आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देश दे दिए गए है।

### डीसी ने जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा



**हिसार।** उपायुक्त अनीश यादव ने शुक्रवार को कृषि व आबादी क्षेत्र के साथ-साथ हाइवे व गांवों के रास्तों का जन प्रतिनिधियों के साथ मौका मुआयना किया और जल निकासी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पूर्व मंत्री अनूप धानक के साथ सरसौंद, बधावड़, लितानी सहित लगभग आधा दर्जन गांवों का दौरा किया। उपायुक्त ने राजस्व, पंचायत, सिंचाई विभाग के अधिकारियों को राहत कार्यों की निगरानी करने के साथ-साथ प्रभावित लोगों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की हिदायत दी। जन स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन विभाग, पंचायत विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को अग्रिम प्रबंध करने हिदायत दी गई। गलत ढंग से सडकें, डिवाइडर दीवारें इत्यादी तोडकर पानी को दूसरे क्षेत्रों में निकालने की घटनाओं पर उपायुक्त ने सबंधित विभागों के अधिकारियों को ठोस कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# निगम ने चलाया स्वच्छता जागरुकता अभियान




हिसार। स्वच्छता बारे संदेश देते जाट कॉलेज के विद्यार्थी व निगम कर्मचारी।

**हिसार।** नगर निगम ने शुक्रवार को जाट शिक्षण संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान एनसीसी विंग और कॉलेज के छात्रों को खुले में कचरा न फेंकने, घरों में गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्र करने के लिए हरे और नीले डस्टबिन का प्रयोग करने तथा एकत्रित कचरे को नगर निगम के वाहनों में डालने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा टीम ने सेक्टर 16-17 के आरडब्ल्यूए के सदस्यों को भी स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूक किया और इस अभियान में योगदान देने का आह्वान किया। सीटीएल प्रदीप जाखड़, तकनीकी विशेषज्ञ जसबीर कुंडू और हरीराम गुर्जर ने छात्रों को स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियों के प्रति जागरूक किया और नगर निगम के स्वच्छता अभियान से जुड़ने का आह्वान किया, ताकि इस मुहिम को जनआंदोलन बनाकर हिसार को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाया जा सके।

# आईबी मैकेनिकल ब्रांच का धरना पांचवें दिन भी रहा जारी

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की आईबी मैकेनिकल ब्रांच का सिंचाई विभाग कार्यालय परिसर में शुक्रवार को पांचवें दिन भी धरना जारी रहा। धरना की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान विनोद फौजी और संचालन जयसिंह फौजी ने किया।

धरना के दौरान कर्मचारियों ने समस्याओं का समाधान नहीं किए जाने को लेकर कार्यकारी अभियंता हिसार जल सेवा मंडल के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। इस मौके पर राज्य के वरिष्ठ उप प्रधान अजय कुमार, दीपक शर्मा, जिला प्रधान ओमप्रकाश माल, चेयरमैन नरेश गौतम, जिला सचिव दीपक मेहरा, प्रचार सचिव राजेश माहिच, ऑडिटर सतीश दनौदा,रामू शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

# एनआरआई पति ने समलैंगिकता छुपाकर की शादी करोड़ों की मांग और स्त्रीधन हड़पने के लगे आरोप

- एनआरआई दामाद निकला समलैंगिक, दो आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज
- पीड़िता बोली, अब कानून से ही इंसाफ़ की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार का बहुचर्चित दहेज उत्पीड़न और समलैंगिकता छुपाने का मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। एएसजे निशांत शर्मा की अदालत ने आरोपित ससुरालियों को बड़ा झटका देते हुए अग्रिम जमानत याचिका सिरे से खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया आरोप गंभीर हैं।

इस स्तर पर अभियुक्तों को राहत नहीं दी जा सकती। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश निशांत की अदालत में सेक्टर 16-17 निवासी रमन कुमार और उनकी पत्नी किरण ने अग्रिम जमानत के लिए आवेदन दिया था।

अदालत ने दोनों की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि उनसे अभी स्त्रीधन, मोबाइल फोन और डिजिटल चैट रिकॉर्ड बरामद किया जाना है। यदि उन्हें जमानत दी जाती है तो वे जांच को प्रभावित कर सकते हैं। उल्लेखनीय हैं की सेक्टर 9/11 निवासी युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका विवाह 2024 में न्यूजीलैंड निवासी एनआरआई रिषभ के साथ धूमधाम से कराया गया। शादी से पहले ससुराल पक्ष ने उसे बड़ा व्यवसायी बताकर सपनों का जीवनसाथी दिखाया लेकिन हकीकत यह थी कि पति समलैंगिक है और यह बात पूरी तरह छुपाई गई। पीड़िता का आरोप है कि शादी में 50 लाख रुपये से अधिक का खर्च करवाने के बावजूद पति ने हनीमून पर भी दांपत्य संबंध बनाने से इनकार कर दिया। विदेश में उसे मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न झेलना पड़ा और बार-बार एक करोड़ रुपये की मांग रखी गई ताकि न्यूजीलैंड में मकान खरीदा जा सके। पीड़िता का स्त्रीधन भी हड़प लिया गया। पीड़िता ने बताया कि भारत लौटने के बाद भी उसे राहत नहीं मिली। उल्टे ससुराल पक्ष ने झूठे सबूत गढ़े और चरित्र हनन करने का प्रयास किया। पीड़िता ने कहा जब हालात असहनीय हो गए तो उसे मजबूरन पुलिस का दरवाज़ा खटखटाना पड़ा।

**अदालत की टिप्पणी**



*थाना अर्बन एस्टेट हिसार में दर्ज केस में आईपीसी की धाराएं 323, 406, 417, 498-ए, 506 और 34 लगाई गई हैं। अदालत ने कहा कि केस की गंभीरता और अब तक की जांच को देखते हुए आरोपियों को अग्रिम जमानत देना उचित नहीं है। अदालत ने स्पष्ट किया कि प्रथम दृष्टया ससुराल पक्ष की नीयत और साजिश साफ झलकती है।पीड़ित पक्ष की तरफ़ से न्यायालय में एडवोकेट मोहित अरोड़ा पेश हुए और दलीलें रखी।*

**तीन बस संचालकों व रोडवेज अधिकारियों को नोटिस**

# बस किराया वसूलने पर छात्राएं गई कोर्ट

- लड़कियों के लिए स्कूल व कॉलेज जाने के लिए नि:शुल्क बस पास की है योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लड़कियों के लिए स्कूल व कॉलेज जाने के लिए निशुल्क बस पास की प्रदेश सरकार की योजना के बावजूद निजी बस संचालकों द्वारा उनसे किराया वसूलने के आरोप में कानून की एक छात्रा सहित कुल छह छात्राओं ने हिसार की अदालत में याचिका दायर की है।

सिविल जज जूनियर डिविजन सुखवीर कौर की अदालत ने तीन निजी बस संचालकों के अलावा प्रदेश सरकार, रोडवेज अधिकारियों को 18 सितंबर के लिए नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ताओं के एडवोकेट वीएस बामल ने बताया कि यह याचिका सारंगपुर गांव निवासी पूजा बिश्नोई, मोनिका, अनिता, भाना गांव निवासी सपना, फतेहाबाद के चिंदर गांव निवासी मनिषा, खाराखेड़ी गांव निवासी किरण रानी ने दायर की है। इन्होंने राज्य सरकार, यातायात आयुक्त, जिला यातायात अधिकारी, रोडवेज महाप्रबंधक, बालाजी मोटर के प्रधान दीपक, नागपाल बस सर्विस के प्रधान नरेंद्र और रविंद्रा बस सर्विस के प्रधान रविंद्र को प्रतिवादी बनाया है। छात्रों ने बताया कि पूजा बिश्नोई सीआर लॉ कॉलेज में एलएलबी अंतिम वर्ष की, मनीषा, सपना हिसार के राजकीय महाविद्यालय, किरण रानी राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्रा, मोनिका राजकीय तकनीकी महाविद्यालय की और अनिता गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की छात्रा हैं।

प्रदेश सरकार के निर्देशों के आधार पर उन्होंने सरकारी, कॉपरेटिव और प्राइवेट परमिट धारक बसों में यात्रा करने के लिए निशुल्क बस पास मिले हुए हैं। करीब एक माह पूर्व उपरोक्त बस के परिचालक ने निशुल्क बस पास पर उनको निशुल्क सफर करने की अनुमति नहीं दी।

**प्राइवेट बसों में निर्देशों की पालना नहीं**

*प्राइवेट बस संचालकों ने आदमपुर निवासी दर्शन को इन बसों की चेकिंग के लिए अधिकृत किया हुआ है जबकि यह विभाग की तरफ से अधिकृत नहीं है। वह चेकिंग के दौरान बस परिचालकों को विद्यार्थियों के बस पास पर उनको निशुल्क यात्रा न करने देने के लिए भी कहता है। उन्होंने कहा कि रूट अलॉटमेंट के दौरान निजी बस स्वामियों को बस पास पर निशुल्क यात्रा के आदेश दिए हुए हैं और ऐसा ना करने पर इनके परमिट रद्द हो सकते हैं। उन्होंने रोडवेज महाप्रबंधक को इस बारे में शिकायत की तो उन्होंने गत 25 अगस्त को निजी बस स्वामियों को लिखित आदेश दिए कि वे बस पास धारक विद्यार्थियों से किराया नहीं ले सकते लेकिन उपरोक्त बसों के परिचालक इन निर्देशों की पालना नहीं कर रहे हैं।*

### समाजसेवी रविन्द्र सिंह ने स्कूल के मुख्य द्वार का किया उद्घाटन

**हिसार।** शिक्षक दिवस के अवसर पर गांव किरतान के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के मुख्य द्वार का उद्घाटन किया गया।

उद्घाटन कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी जीत सिंह आर्यनगर के पुत्र रविन्द सिंह एवं उनके पारिवारिक सदस्य मौजूद थे। उन्होंने ग्रामवासियों की उपस्थिति में स्कूल के मुख्य द्वार का उदघाटन कर स्कूल को समर्पित किया।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच राजपाल पूनिया, दलेल सिंह, रोहताश प्रधान, शंकरलाल, मुकेश किरतान, प्रधान कपूर सिंह, रमनदीप, दयानंद ढाका, प्राचार्या ऊषा बंसल, मीना देवी, नितेश, सतपाल, बलवंत, कुलदीप लुहानिवाल, धर्मबीर बावलिया, रजनीश, राजेन्द मुंड, अजय, चन्द्रमोहन, मांगेराम शर्मा सहित ग्रामवासी व स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

# लुवास : नीलेशु सिंधु बने जनसंपर्क अधिकारी



हिसार। कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा से मिलते जनसंपर्क विभाग की टीम।


**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) ने अपने जनसंपर्क विभाग को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए डॉ. निलेश सिंधु को विश्वविद्यालय का जनसम्पर्क अधिकारी नियुक्त किया है। इस संबंध में कुलसचिव कार्यालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय ने जनसम्पर्क टीम को सशक्त बनाने के उद्देश्य से डॉ. विशाल शर्मा (सहायक प्राध्यापक), डॉ. सतीश जांगड़ा (सहायक प्राध्यापक) एवं डॉ. सुजॉय खन्ना (विस्तार शिक्षा विशेषज्ञ) को सहायक जनसंपर्क अधिकारी नियुक्त किया है। इन अधिकारियों की सक्रिय भूमिका विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों को समाज एवं मीडिया जगत तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। इस अवसर पर लुवास के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने जनसम्पर्क अधिकारियों को नई जिम्मेदारी संभालने पर हार्दिक बधाई दी।



## बागी 4 में विलेन बनकर छा गए संजय

**मुंबई।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म 'बागी 4' रिलीज हुई। इस फिल्म में संजय दत्त खूंखार विलेन के रोल में नजर आए। सोशल मीडिया पर फिल्म देखने के बाद यूजर्स ने रिएक्शन देना शुरू कर दिया है। फिल्म में टाइगर श्रॉफ मोहब्बत में हर हद पार करते हुए नजर आए। वहीं, विलेन के रोल में संजय दत्त छा गए। एक एक्स (ट्विटर) यूजर ने फिल्म देखने के बाद संजय दत्त की एक्टिंग की तारीफ की। यूजर ने लिखा, 'संजय दत्त एक जादू है, वह सिर्फ खलनायक का किरदार नहीं निभाते हैं, आपको उसके गुस्से, दर्द का अहसास भी कराते हैं। बागी 4 में संजय दत्त की फिल्म वास्तव की क्रूरता, भावनात्मकता की झलक भी मिलती है। टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म 'बागी 4' में संजय दत्त को सेंटर ऑफ अट्रैक्शन हैं। कई चर्चित कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं, इसमें हरनाज कौर संधू, सोनम बाजवा, श्रेयस तलपड़े और सौरभ सचदेवा अहम किरदारों में दिखाई दिए।

लाइफ Style




# अनन्या
## मोतियों से जड़ी ड्रेस में दिखीं खूबसूरत

अनन्या पांडे ने सोशल मीडिया हैंडल पर अपना एक शानदार वीडियो शेयर किया है। अनन्या के यह लेटेस्ट लुक का मजाक उनके पिता चंकी पांडे ने अपनी राय पेश की है। अनन्या इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच अनन्या ने अपना एक स्टाइलिश लुक में वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनन्या का यह लुक उनके पिता चंकी पांडे को कैसा लगा, इस बात का खुलासा अनन्या ने खुद किया है। अनन्या पांडे ने आज इंस्टाग्राम पर अपना खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अनन्या पहले मेकअप करती नजर आ रही हैं। बाद में अनन्या मोतियों से जड़ी ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। इस शानदार वीडियो के साथ अनन्या ने कैप्शन में लिखा, 'मेरे पिता जी (चंकी पांडे) यह नहीं कह रहे हैं कि मेरा ग्लैमर किसी कॉमेडी शो जैसा लग रहा है। यह वीडियो आपके लिए है।' सिंगर कनिका कपूर और अनन्या की मां भावना पांडे ने लाल दिल वाले स्माइली इमोजी बनाए हैं। निर्देशक प्रियंका कपाड़िया ने लिखा, हाहाहा, क्या हमें अपनी बातें बतानी चाहिए। एक फैन ने लिखा, मुझे बहुत पसंद आया, एक और फैन ने लिखा, नया हेयर स्टाइल अपना रही हैं अनन्या, क्या आपको ये हेयर स्टाइल पसंद है? एक फैन ने लिखा, बहुत पसंद आया। कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन समीर विदवान कर रहे हैं। इसका निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस और नमः पिक्चर्स ने किया है। यह फिल्म अगले वैलेंटाइन पर सिनेमाघरों में 13 फरवरी 2026 को रिलीज होगी।

## हॉलीवुड मसाला



## 55 फिल्मों, 10 टीवी शोज में कर चुके हैं काम

**लॉस एंजिल्स।** डेनजेल वाशिंगटन उन सितारों में शुमार हैं, जिन्हें इंडस्ट्री में सबसे अधिक सम्मान मिलता है। अपने 6 दशक लंबे करियर में उन्होंने खुद को एक ऐसे अभिनेता के रूप में स्थापित किया है, जिसने दो ऑस्कर जीते हैं। कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है। यह उनके कॅरियर की 55वीं फिल्म है। इसके अलावा वह लाइसेंस टू किल से ग्रेज एनाटॉमी' समेत 10 टीवी शोज में नजर आ चुके हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, डेनजेल वाशिंगटन की 55 रिलीज फिल्मों ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 4.9 बिलियन डॉलर यानी 43178 करोड़ से अधिक का कारोबार किया है।




## दर्शकों को कम डरा पा रही द कॉन्ज्यूरिंग 4

**लॉस एंजिल्स।** द कॉन्ज्यूरिंग यूनिवर्स का अंतिम भाग 'द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स' शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हुई। फिल्म को देखने के बाद एक्स पर यूजर्स प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। लोगों द्वारा फिल्म को मिले-जुले रिएक्शंस मिल रहे हैं। एक यूजर ने कहा, 'पूरी तरह से निराशाजनक है। हॉरर और थ्रिलर के प्रशंसकों के लिए इसमें कुछ भी नया या दिलचस्प नहीं है। यह समय की बर्बादी और एक बड़ी निराशा है।' इसके अलावा एक अन्य यूजर ने लिखा कि ये फिल्म अन्य भागों की तरह नहीं है। 'द कॉन्ज्यूरिंग' फिल्म के जितने भी पार्ट हैं, वो सच्ची घटनाओं पर आधारित हैं। इन फिल्मों में पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर एड और लॉरेन वॉरेन द्वारा की गई वास्तविक केस को फिल्म के माध्यम से दिखाया गया है। 'द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स' इस सीरीज का अंतिम भाग है।



## मलयालम फिल्म लोका की फैन बनीं प्रियंका

**मुंबई।** मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1' को सिनेमाघरों में 10 दिन हो चुके हैं। हाल ही में यह हिंदी वर्जन में भी दर्शकों को देखने को मिल रही है। इस फिल्म की तारीफ बॉलीवुड सेलेब्स भी कर रहे हैं। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म लोका को सराहा। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पेज पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'भारत की पहली वुमन सुपरहीरो आ गई है। फिल्म 'लोका' की पूरी टीम को बधाई। यह कहानी मलयालम में पहले से ही लोगों का दिल जीत रही है। अब यह हिंदी में भी आ गई है। मैंने इसे अपनी वॉचलिस्ट में पहले ही जोड़ लिया है। मलयालम फिल्म लोका एक वुमन सुपरहीरो की कहानी है। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर हैं। वह बेंगलुरु में रहने आई है और असहाय पुरुष और महिलाओं को मुश्किलों से बचाती है।



## किंग फिल्म के सेट से लीक हुआ शाहरुख का लुक!

**मुंबई।** हाल ही में शाहरुख खान ने अपनी फिल्म किंग की शूटिंग शुरू की है। सोशल मीडिया पर 'किंग' फिल्म का एक लुक वायरल हो रहा है। इसमें शाहरुख खान काफी अलग नजर आ रहे हैं। अब तक उन्होंने किसी भी फिल्म में ऐसा एक्सपेरिमेंट अपने लुक के साथ नहीं किया था। इस फिल्म में उनके साथ बेटी सुहाना खान भी दिखाई देंगी। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म होने वाली है। हाल ही में इस फिल्म के एक शूटिंग शेड्यूल पर शाहरुख खान मौजूद दिखे। इस शूटिंग सेट से कुछ वीडियो, फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिसमें शाहरुख का लुक किंग मूवी में कैसा होगा, इसका अंदाजा फैंस को हो गया। शाहरुख काफी बदले हुए नजर आए। एक धुंधली से तस्वीर में उनके बालों का रंग ग्रे कलर का नजर आया। वहीं, एक वीडियो में वह अपने सिर को कवर करते हुए दिखे।

## टीवी मसाला



## बसीर बने नए कैप्टन, तान्या-जीशान से भिड़ने के बाद रोईं कुनिका

नई दिल्ली। बिग बॉस 19 में पहले दिन से ही हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिल रहा है। इसमें कंटेस्टेंट के बीच नोक-झोक और बहस से लेकर टास्क व कैप्टेंसी तक को लेकर तकरार देखने को मिल रही है। घर में तान्या मित्तल की एक के बाद एक हरकतें लगातार उन्हें चर्चाओं में बनाए हुए हैं। अब शो के लेटेस्ट एपिसोड में तान्या और कुनिका सदानंद के बीच फिर तगड़ी बहस देखने को मिली है। वहीं, घर की कप्तानी भी अब बसीर अली के पास पहुंच गई है। कुनिका ने शिकायत की कि तान्या को कुछ गंभीर समस्याएं हैं। उन्होंने बताया कि तान्या कभी किसी बात को नहीं छोड़तीं। दूसरी ओर तान्या और अशनूर कौर के बीच एक बड़ी तुलना करते हुए कुनिका ने खुलासा किया कि अगर अशनूर गपशप करना बंद कर दें, तो वह उन्हें अपनी बहू के रूप में देखना पसंद करेंगी। इसके बाद जब अशनूर ने कुनिका से इस बारे में बात की तो तान्या और कनिका की बहस छिड़ गई। तान्या ने जहां कुनिका के सबके सामने उन्हें घासलेट कहे जाने पर नाराजगी जताई, तो वहीं कुनिका को घमंडी बताते हुए कहा कि अगर उन्हें लगता है हर कोई उनका विरोध करता है, तो वो बातचीत ही न करें या कम करें।

## कीकू शारदा नहीं छोड़ रहे द ग्रेट इंडियन कपिल शो

**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में नजर आ रहे कीकू शारदा के फैंस का गहरा धक्का लगा, जब उन्हें ये खबर मिली की एक्टर-कॉमेडियन ने शो छोड़ दिया है। क्योंकि, वह अशनीर ग्रोवर के 40 दिन चलने वाले रियलिटी शो 'राइड एंड फॉल' में नजर आएंगे। इसी कारण रिपोर्ट्स आने लगीं कि कृष्णा अभिषेक से बहस के बाद अब उन्होंने कपिल के शो से किनारा कर लिया है। लेकिन, अब इसके पीछे की असली वजह सामने आई है। कीकू शारदा ने तय किया है कि वह 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का सीजन पूरा करने के बाद ही अशनीर ग्रोवर के 'राइज एंड फॉल' का हिस्सा बनेंगे। कीकू शो नहीं छोड़ रहे है। आप उन्हें आने वाले एपिसोड्स में देखेंगे। उन्होंने अपना अगला प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले शो की शूटिंग पूरी कर ली है। कीकू द ग्रेट इंडियन कपिल शो का हिस्सा हैं।' कीकू शारदा और कृष्णा अभिषेक का सेट से एक वीडियो सामने आया था, जिसमें दोनों बहस कर रहे थे। जिसमें कीकू ने कहा, 'टाइमपास कर रहा हूं?' इस पर कृष्णा ने दुखी होते हुए कहा, 'तो फिर ठीक है आप कर लो। आप कर लो भाई कोई प्राब्लम नहीं है। मैं जाता हूं यहां से।' फिर कीकू बोले, 'बात ये है कि मुझे बुलाया है तो मैं अपना खत्म कर लूं पहले।'



## कर्तव्यनिष्ठ पुलिस ऑफिसर की कहानी है इंस्पेक्टर झेंडे



**मुंबई।** 70-80 के दशक में बिकिनी किलर के नाम से मशहूर कुख्यात अपराधी चार्ल्स शोभराज को तो हर कोई जानता है, पर उसे दो बार पकड़ने वाले मुंबई पुलिस के दिलेर इंस्पेक्टर मधुकर झेंडे के कारनामे कम ही लोगों को पता हैं। मनोज बाजपेयी की यह फिल्म 'इंस्पेक्टर झेंडे' हर हाल में अपनी ड्यूटी को आगे रखने वाले इसी कर्तव्यनिष्ठ पुलिस ऑफिसर की कहानी है। 80 के दशक में सेट इस कहानी की शुरुआत स्विम सूट किलर कार्ल भोजराज (जिम सर्भ) के दिल्ली के तिहाड़ जेल से फरार होने की खबर से होती है। यह खबर सुनते ही मुंबई में दूध की लाइन में खड़े इंस्पेक्टर मधुकर झेंडे (मनोज बाजपेयी) के कान खड़े हो जाते हैं। असल में, झेंडे 1971 में एक बार कार्ल को पकड़ चुके थे, लेकिन अब वह फरार हो गया। ऐसे में, कार्ल को दोबारा पकड़कर वह पुलिस के दामन पर लगा दाग मिटाना चाहते हैं। शहर के डीआईजी (सचिन खेडेकर) भी झेंडे पर भरोसा जताते हैं और उन्हें अपनी टीम के साथ कार्ल को दोबारा दबोचने के सीक्रेट मिशन पर लगा देते हैं। अब बेहद कम संसाधनों में कुल छह पुलिसवालों की छोटी सी टुकड़ी कार्ल भोजरात को पकड़ने निकलती है।

### मानवीय पहलुओं पर फोकस

मन में सवाल उठना लाजिमी है कि कार्ल जैसे कई देशों में मोस्ट वांटेड किलर को पकड़ना क्या इतना आसान है? चिन्मय डी मंडलेकर की लिखी और निर्देशित की इस फिल्म की खूबी यह है कि यह चोर-पुलिस वाली आम बॉलिवुडिया फिल्म की तरह नहीं है। यह अपने नायक को 'सिंघम' नहीं बनाती, बल्कि उसके मानवीय पहलुओं पर फोकस करती है। झेंडे वो पुलिसवाला नहीं है, जो एक घूंसे से छह गुंडों को चित कर देता है, बल्कि वो ऐसा हीरो है जो एक बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के भरोसे गोवा में कार्ल को खोजने निकल पड़ता है।

## द बंगाल फाइल्स सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि आईना है

**मुंबई।** मशहूर फिल्ममेकर विवेक अग्निहोत्री की पॉलिटिकल थ्रिलर मूवी 'द बंगाल फाइल्स' शुक्रवार को भारत में सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह मूवी साल 1946 के बंगाल के उथल-पुथल भरे घटनाक्रमों को बयां करती है, जिसमें ग्रेट कलकत्ता किलिंग्स, डायरेक्ट एक्शन डे और नोआखाली दंगे शामिल हैं। इस मूवी को लेकर दर्शकों की तरफ से रिव्यूज भी सामने आने लगे हैं। फिल्म ट्रेड एनालिस्ट जयसवाल ने 'द बंगाल फाइल्स' का रिव्यू लिखा, 'अब तक द बंगाल फाइल्स में सिमरत कौर का मोनोलॉग भूल नहीं पा रहा हूं। क्या जबरदस्त प्रदर्शन था, क्या बेहतरीन अदाकारा हैं वो। वाकई पुरस्कार के काबिल एक्टिंग।' एक यूजर ने फिल्म को हार्टब्रेकिंग बताया है तो दूसरे ने लिखा कि यह फिल्म आपको डराएगी और बेचैन कर देगी। एक यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, 'द बंगाल फाइल्स सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि आईना है। एक ऐसा आईना जो दिखाता है कि बंगाल के रक्तरंजित अतीत को संयोग से नहीं, बल्कि साजिश के तहत दफनाया गया। यह फिल्म आपको न सिर्फ जो हुआ उस पर, बल्कि उन लोगों पर भी गुस्सा दिलाती है जो अब भी झूठ का बचाव कर रहे हैं।' एक अन्य यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए इसे शानदार, गंभीर और हिलाकर रख देने वाली फिल्म बताया है। लोगों से फिल्म देखने की अपील करते हुए यूजर का कहना है कि इस फिल्म को सच्चाई जानने के लिए देखना चाहिए। कुछ लोगों ने फिल्म को दिल दहला देने वाला अनुभव बताया।



### नोआखली दंगों पर आधारित

एक यूजर ने कहा कि यह फिल्म डायरेक्ट एक्शन डे (1946) की भयावहता को अपनी तीव्रता, बेहतरीन कहानी और दिल दहला देने वाले दृश्यों के साथ जीवंत करने का साहस कराती है। लोगों ने फिल्म के निर्देशन और पल्लवी जोशी व नमाशी चक्रवर्ती के अभिनय की भी तारीफ की है। एक अन्य यूजर ने फिल्म को आंखे खोल देने वाला बताया और ऐसी कहानी को दिखाने के लिए निर्देशक विवेक अग्निहोत्री का भी शुक्रिया जताया। एक और यूजर ने भी फिल्म की तारीफ की है। वहीं कई दर्शकों ने फिल्म को एक जरूरी फिल्म बताया है और इसे देखने की अपील की है। विवेक अग्निहोत्री द्वारा लिखित और निर्देशित 'द बंगाल फाइल्स' 1946 के कलकत्ता हत्याओं और नोआखली दंगों पर आधारित है।

## 80 साल की उम्र में आज भी रूस में बैले डांसर्स और एक्टर्स को देती हैं सलाह

# रशियन एक्ट्रेस की खूबसूरती थी मेरा नाम जोकर का अट्रैक्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज कपूर की अद्भुत फिल्मों में से एक 'मेरा नाम जोकर' भारतीय सिनेमा की सबसे लंबी फिल्मों में से एक मानी जाती है। उससे पहले 'संगम' ब्लॉकबस्ट हो चुकी थी, ऐसे में राज कपूर की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार था। राज कपूर, सिमी गरेवाल की इसी फिल्म से एक्टर के बेटे ऋषि कपूर डेब्यू करने जा रहे थे। इसी फिल्म में नजर आईं रशियन एक्ट्रेस क्सेनिया रयाबिनकिना, जिनकी खूबसूरती इस फिल्म का खास अट्रैक्शन थी। 80 की उम्र की दहलीज पर पहुंच चुकीं रयाबिनकिना आज भी क्सेनिया रयाबिनकिना रूस में बैले डांसर्स और एक्टर्स को सलाह देती हैं। रयाबिनकिना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अपनी पर्सनल और प्रफेशनल लाइफ के किस्से भी शेयर करती हैं। क्सेनिया रयाबिनकिना का जन्म मॉस्को में हुआ था। उनका इस हिंदी फिल्म में आना भी किसी फिल्म के किस्से की तरह है। रयाबिनकिना की मां एक शानदार बैले डांसर थीं और पिता एक जियो-फिजिक्स डॉक्टर के घर हुआ था। बताया जाता है कि क्सेनिया रयाबिनकिना ने मॉस्को के बोल्शोई थिएटर में एक बैलेरीना (बैले डांसर) के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया था।



### रूसी सर्कस ट्रैपीज़ कलाकार के रूप में

हालांकि, भारत में उन्हें आज भी लोग मरीना के नाम से ही याद करते हैं। राज कपूर की क्लासिकल फिल्म 'मेरा नाम जोकर' (1970) में रूसी सर्कस ट्रैपीज़ कलाकार (सर्कस में ऊंचाई पर रस्सियों के झूले पर झूलने वाले कलाकर) के रूप में 25 साल की इस एक्ट्रेस ने लोगों के दिलों पर ऐसा जादू चलाया कि में वो उनकी यादों में आज भी बसी हैं।

### जब सर्कस खत्म होता है तो वो रूस वापस चली जाती है

इस फिल्म में राजू बने राज कपूर जब 'जैमिनी सर्कस' में काम करने पहुंचते हैं तो उनकी मुलाकात मरीना से होती है। मरीना अपने साथी कलाकारों से साथ रूस से सर्कस में काम करने भारत आती हैं। यहां स्टेज पर साथ काम करते करते राजू को मरीना से प्यार हो जाता है और मरीना भी राजू को पसंद करने लगती है। लेकिन, जब सर्कस खत्म होता है तो वो रूस वापस चली जाती है। इसके बाद राजू टूट जाता है।

### ऑडिशन की जगह दिखाया लाइव परफॉर्मेंस

क्सेनिया रयाबिनकिना मिलना तो चाहती थीं, लेकिन उन्हें मना करना पड़ा। क्योंकि, उसी रात उनकी खुद की भी एक परफॉर्मेंस थी। एक्ट्रेस ने फोन करने वाले शख्स से कहा कि क्या ऐसा हो सकता है कि वो राज कपूर को थिएटर ले आएं? इसी बहाने राज कपूर उनकी परफॉर्मेंस भी देख लेंगे। उन्होंने ऐसा ही किया। वो कुछ लोगों के साथ ऑडिटोरियम पहुंचे और उन्होंने रयाबिनकिना की परफॉर्मेंस देखी।

### पहली फिल्म मेरा नाम जोकर नहीं

हालांकि, कहते हैं कि वो फिल्मों में काम नहीं करना चाहती थीं। बताया जाता है कि इन्हें हिंदी बोलना नहीं आता था, लेकिन पहली फिल्म ज़ार साल्टन मिली। दोस्तों के कहने पर वो तैयार हो गईं, जिसमें उनका छोटा सा किरदार था। फिल्म में उन्हें लोगों ने पसंद भी किया। इसके बाद करीब तीन साल के बाद वो 'मेरा नाम जोकर' में नजर आईं। इस बीच वो बैले डांस में खुद को बिज़ी रखती थीं।

### राज कपूर को लेकर रूस में काफी क्रेज़ था

एक दिन उन्हें किसी ने फोन करके बताया कि मशहूर राज कपूर इस वक्त मॉस्को में ही हैं और वो एक बड़ी फिल्म बना रहे हैं । उन्हें बताया गया कि राज कपूर अपनी फिल्म के किरदार के लिए रशियन लड़की की तलाश कर रहे हैं। उन दिनों राज कपूर को लेकर रूस में काफी क्रेज़ था।

### सर्कस में काम करने वाली लड़की ही चाहिए थी

क्सेनिया रयाबिनकिना ने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब उन्हें ये बताया गया था कि राज कपूर मॉस्को में हैं और उनसे जल्द वो मिलना चाहते हैं क्योंकि उन्हें भारत वापस भी लौटना है। रयाबिनकिना से मिलने से पहले राज कपूर कुछ और रूसी लड़कियों से भी मिल चुके थे और खासकर वो सर्कस की कलाकारों से मिले थे। क्योंकि, उन्हें अपनी फिल्म में मरीना के किरदार के लिए सर्कस में काम करने वाली लड़की ही चाहिए थी।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई में निःशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम

**हिसार।** सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शिक्षक दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महान दार्शनिक शिक्षा शास्त्री एवं भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान 100 से अधिक छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकों का वितरण किया गया। संस्थान की प्राचार्य प्रेम किरण ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाना और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सहयोग प्रदान करना रहा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को

**सिरसा।** आगामी 13 सितंबर को न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत की प्रक्रिया बिल्कुल संक्षिप्त व साधारण है, जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से केस का निपटारा किया जाता है। दोनों पक्षों की सहमति से केस का फैसला होने के कारण दोनों पक्षों का मनमुटाव हमेशा के लिए समाप्त हो जाता है।

### श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ 7 सितंबर से

**सिरसा।** दिव्या ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा स्थानीय अनाजमंडी में 7 से 13 सितंबर तक श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आशुतोष महाराज की शिष्या कालिंदी भारती कथा का रसपान करवाएंगी। कथा को लेकर 6 सितंबर को अनाज मंडी कथा स्थल से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जोकि कथास्थल से जनता भवन रोड, सिरसा क्लब से होते हुए लालबत्ती चौक और यहां से बाजारों का भ्रमण करते हुए कथास्थल पर आकर समाप्त होगी। उक्त जानकारी दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान से साध्वी राजविंद्र भारती ने मीडिया से बातचीत करते हुए दी। उनके साथ स्वामी प्रेम प्रकाशानंद व निशा गुप्ता भी मौजूद थे। साध्वी राजविंद्र भारती ने कहा कि हम भौतिक व मानसिक स्तर पर तो ध्यान दे रहे हैं, लेकिन आध्यात्मिक स्तर पर ध्यान नहीं दे रहे।

### अग्रोहा में व्याख्या केंद्र स्थापित करने की योजना तैयार : अग्रवाल

# केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सचिव ने अग्रोहा टीले का किया दौरा

- अभी तक यहां पर हुए खुदाई कार्यों में चौथी से 14वीं शताब्दी के कालखंड के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां मिली है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल ने शुक्रवार को अग्रोहा टीले का दौरा कर वहां अभी तक की खुदाई के कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्हें अवगत करवाया गया कि अभी तक यहां पर हुए खुदाई कार्यों में चौथी से 14वीं शताब्दी के कालखंड के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां मिली है। हाल ही में की गई खुदाई के दौरान यहां मिट्टी के बर्तन, स्थापित अवसंरचनाओं के अवशेष खिलौने, मणके इत्यादि सहित अग्रोहा के समृद्ध इतिहास से जुड़ी कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां मिली है। प्रदेश सरकार द्वारा यहां एक अत्याधुनिक संग्रहालय बनाए जाने के संबंध में मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए गए है। सचिव विवेक अग्रवाल को यह भी अवगत करवाया गया कि अग्रोहा को विश्व पुरातात्विक मानचित्र पर नई पहचान दिलाते हुए इसे पर्यटन स्थल और सांस्कृतिक धरोहर के केंद्र के रूप विकसित किया जा रहा है। अग्रोहा, महाराजा अग्रसेन की राजधानी होने के कारण महत्वपूर्ण पुरातात्विक और सांस्कृतिक स्थल है। संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा भी यहां व्याख्या केंद्र स्थापित करने की योजना तैयार की गई है। इसे सांस्कृतिक विरासत के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए डिज़ाइन किया जाएगा। यहां आने वाले आगंतुकों के लिए इंटरैक्टिव प्रदर्शनियों, शैक्षिक कार्यक्रमों और अनुभवात्मक शिक्षण सामग्री का उपयोग किया जाएगा।


**हिसार।** अग्रोहा टीले का दौरा करते भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल।

**खुदाई में मिले अवशेष**
- मिट्टी के बर्तन
- स्थापत्य संरचनाओं के अवशेष
- खिलौने एवं मणके
- अन्य सांस्कृतिक धरोहर से जुड़े प्रमाण

**विकास योजनाएं**
- प्रदेश सरकार द्वारा अत्याधुनिक संग्रहालय का निर्माण
- भारत सरकार द्वारा 'व्याख्या केंद्र' स्थापित करने की योजना

**उद्देश्य**
- अग्रोहा को विश्व पुरातात्विक मानचित्र पर स्थापित करना
- इसे पर्यटन और सांस्कृतिक धरोहर केंद्र के रूप में विकसित करना
- आगंतुकों के लिए इंटरैक्टिव प्रदर्शनियाँ और शैक्षिक कार्यक्रम

# सेक्टरवासियों ने संपदा अधिकारी से मिलकर रखी सेक्टरों की समस्याएं

- अधिकारी ने दिया सभी समस्याओं के हल का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


**हिसार।** संपदा अधिकारी को ज्ञापन देते रेजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी।

रेजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 13 पार्ट—2 एवं सेक्टर 16-17 के प्रधान इंद्र सिंह मलिक की अध्यक्षता में क्षेत्रवासी संपदा अधिकारी से मिले और सेक्टर में पानी भराव व सीवरेज की समस्या बारे बताया। सभी सदस्यों ने संपदा अधिकारी को विभिन्न समस्याओं बारे विस्तार से बताया। संपदा अधिकारी से मिलने गए सदस्यों ने कहा कि सीवरेज का पानी हमेशा कहीं न कहीं बाहर निकलता रहता है, जिसके बारे में 11 अगस्त को भी बताया गया था और लिखित में दिया गया था। उन्होंने कार्यकारी अभियंता को को इसे तुरंत ठीक करने के लिए कहा था मगर सीवरेज कहीं पूरी तरह नीचे से खत्म हैं और ओवरफ्लो हैं या लीकेज जो ठीक करने के बावजूद लीकेज जारी है। संपदा अधिकारी ने तुरंत पानी निकासी के लिए एसडीओ रामप्रसाद को निर्देश दिया। इसके अलावा गेट 2 के पास एक बिल्डर नहर पार करके खेत का पानी छोड़ रहा था, उसको भी बंद करवा दिया गया। अधिकारी ने अन्य सभी समस्याओं को हल करवाने के लिए भी निर्देश दिए।

### राजीव गांधी ताप विद्युत संयंत्र खेदड़ को घोषित किया निषिद्ध क्षेत्र

**हिसार।** उपायुक्त अनीश यादव ने राजीव गांधी ताप विद्युत संयंत्र खेदड़ हिसार को सामरिक महत्व का प्रतिष्ठान बताते हुए इसे निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रतिष्ठान की सुरक्षा राज्य एवं राष्ट्र के हित में सर्वोपरि है, इसलिए शासकीय गोपनीयता अधिनियम, 1923 की धारा 2 और 3 के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निर्णय लिया गया है। जारी आदेशानुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार का प्रवेश, फोटोग्राफी या रेखाचित्र बनाना सख्त वर्जित रहेगा। बिना उचित प्राधिकरण कोई भी व्यक्ति परिसर में प्रवेश, निरीक्षण अथवा हस्तक्षेप नहीं कर सकेगा।


**आदमपुर।** जन शिकायतें सुनते आदमपुर के कांग्रेसी विधायक चंद्रप्रकाश।

### विधायक चंद्रप्रकाश ने सुनी जन शिकायतें

**आदमपुर।** कांग्रेस विधायक चंद्रप्रकाश ने पीडब्लूडी विश्रामगृह में जन शिकायतें सुनी तथा मौके पर ही उन्होंने अधिकारियों को समाधान करने के आदेश दिए। ध्यान रहे कि हर शुक्रवार को विधायक आदमपुर में जन समस्याएं सुनते हैं तथा समस्याओं के समाधान के लिए मौके पर जाकर निरीक्षण करते हैं तथा आज भी उन्होंने लोगों की समस्याओं को लेकर मौके पर जाकर निरीक्षण किया तथा बरसात व नहरों के टूटने से हो रहे नुकसानों का भी निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को समाधान के आदेश दिए। इस मौके पर वीर सिंह, गणेश राम, विनोद राठौड़, दिलीप जांगड़ा, देशराज, कुलदीप मोडाखेड़ा, प्रेम ओशो, प्रेम सोनी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाढ़ पीड़ित परिवारों को तुरंत राहत उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी: सैलजा

- कुमारी सैलजा ने जिले के बाढ़ प्रभावित गांवों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने शुक्रवार को हिसार जिला के कई बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा करते हुए कहा कि प्रशासन को हर समय आपदा प्रबंधन के लिए तैयार रहना चाहिए।

अभी बाढ़ का खतरा टला नहीं है। साथ ही सांसद ने कहा कि सरकार बाढ़-प्रभावित इलाकों का सर्वे कराए, किसानों और आम लोगों को उचित मुआवजा दे तथा भविष्य में ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए स्थायी समाधान तैयार करे। सांसद कुमारी सैलजा ने शुक्रवार को जिला के बाढ़ प्रभावित गांव भाटला, गांव चानोत, गांव लितानी और गांव बिठमड़ा का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया साथ ही ग्रामीणों से अब तक हालात को लेकर बातचीत की। सैलजा ने कहा कि खेत-खलिहान, मकानों और पशुधन को भारी नुकसान हुआ है, ऐसे में प्रभावित परिवारों को तुरंत राहत राशि, पुनर्वास सहायता और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है।


**हिसार।** प्रभावित गांवों का दौरा करती सांसद कुमारी सैलजा।

### अग्रसेन भवन ट्रस्ट 21 को मनाएगा अग्रसेन जयंती

**हिसार।** अग्रसेन भवन ट्रस्ट के तत्वाधान में 21 सितम्बर को भवन प्रांगण में महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। ट्रस्ट की इस सम्बंध में हुई बैठक में जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की जानकारी देते हुए ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने बताया कि इस दिन सायं 4 बजे होने वाले समारोह में बाहर से आने वाले अनेक कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, विधायक सावित्री जिंदल, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग अतिथि के रुप में उपस्थित होंगे।

# अमेरिकन डेंटल केयर सेंटर में स्थापित गणपति का शोभा यात्रा से किया विसर्जन

- डॉ. दीपक नागपाल सहित क्षेत्र के अनेक लोग हुए विसर्जन उत्सव में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अमेरिकन डेंटल केयर सेंटर के संचालक डॉ. दीपक नागपाल ने अपने क्लिनिक में गणपति की स्थापना की जिसका विधिवत विजर्सन किया गया। गणपति जी को कैंप चौक से पूरी श्रद्धाभाव व सम्मान के साथ शोभा यात्रा निकालकर सातरोड़ नहर में विसर्जन किया। इस गणपति विसर्जन शोभा यात्रा में अनेक गण्मान्य लोग शामिल हुए और नहर पर पूरे श्रद्धाभाव के साथ गणपति जी को विसर्जित किया गया।


**हिसार।** गणपति जी को विसर्जन के लिए ले जाते डॉ. दीपक नागपाल व अन्य।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर राजेश अरोड़ा एमसी, पीयूष महता, संजीव रेवड़ी, नरेंद्र अनेजा, रवि मेहता, कृष्ण भाटी सब इंस्पेक्टर, टीनू आहुजा, डॉ. सुधीर छाबड़ा, प्रो. प्रेम तनेजा, ललित मल्होत्रा, डॉ. तरुणा गेरा, अजय खरिंटा, सुधीर मेहरा, मंजू वर्मा, नीकिता, सुशीला, सोनिया, सुमन, डॉ. निरंजन मेहता, सुरेंद्र मेहता, विजय गेरा, संदीप अरोड़ा, सन्नी पाहूजा, साहिल चुघ आदि रहे।

# जलभराव क्षेत्रों में किसानों से मिलने पहुंचे अजय चौटाला

- किसान व आमजन से उनकी समस्याओं पर विस्तार से बातचीत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला ने जिले के अनेक गांवों में जलभराव क्षेत्रों के किसानों से मुलाकात करने पहुंचे। इस दौरान किसान व आमजन से उनकी समस्याओं पर विस्तार से बातचीत की। अजय चौटाला ने बिछपड़ी, सरसौद, राजली, बुगाणा व नारनौंद क्षेत्र के किसानों के पास गए और उनका दुख साझा किया। उन्होंने कहा कि सरकार एवं प्रशासन की अदूरदर्शिता के कारण ये हालत हुई है।

चौटाला ने कहा कि बारिश के दौरान जो जन हानि हुई है तथा जिनके मकान गिरे हैं, उन्हें प्राथमिकता पर तुरंत प्रभाव से सरकार मुआवजा प्रदान करे।

इस मौके पर जेजेपी जिला प्रधान अमित बूरा, जिला प्रभारी अनिल बालकिया,सत्यवान कोहाड़, करण सिंह देपल, राजेंद्र सोरखी, तरुण गोयल, काला सरपंच कनोह, बाली भाटोल, जयसिंह राजली, धर्मपाल चाहर, शमशेर राजली सहित अन्य मौजूद थे।


**हिसार।** दौरे के दौरान ग्रामीणों से बातचीत करते जेजेपी नेता अजय चौटाला।

# एनआईआरएफ रैंकिंग 2025 : हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने लहराया परचम

- देश के कृषि विश्वविद्यालयों में हकृवि ने पहले पांच विश्वविद्यालयों में स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय लगातार देश के टॉप विश्वविद्यालयों में अपना स्थान बनाएं रखने में कामयाब हुआ है। देशभर में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2025 के लिए जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ)में ओवरऑल कैटेगरी में हिसार स्थित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय पहले 150 सरकारी संस्थानों में से हरियाणा का एकमात्र संस्थान प्राप्त कर परचम लहराया। देश के कृषि विश्वविद्यालयों में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने पहले पांच विश्वविद्यालयों में स्थान प्राप्त कर अपनी साख बढाई है। इसी प्रकार एग्रीकल्चर और एलाइड कैटेगरी में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने 173 शिक्षण संस्थाओं व विश्वविद्यालयों में टॉप 10 में अपनी जगह बनाई है। साथ ही ओवरऑल कैटेगरी में देश के 4045 विश्वविद्यालयों व संस्थानों में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने 101-150 रैंकिंग प्राप्त की।


प्रो. बीआर काम्बोज, कुलपति।

कुलपति ने कहा कि यह उपलब्धि हरियाणा राज्य तथा विश्वविद्यालय के शिक्षक, गैरशिक्षक कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों की प्रतिभा व किसानों की मेहनत का परिणाम है। यह सभी के लिए गर्व और हर्ष का विषय है।

उन्होंने इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों व किसानों को बधाई दी।

# आम आदमी पार्टी ने नए पदाधिकारी नियुक्त किए

- अजय शास्त्री एक्स सर्विसमेन विंग के जिला प्रधान नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

आम आदमी पार्टी ने हिसार व आसपास के अन्य विधानसभा हलकों में पार्टी के पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। पार्टी के हरियाणा राज्य के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने ये नियुक्तियां करते हुए कहा कि हांसी निवासी अजय शास्त्री को एक्स सर्विसमेन विंग का जिला हिसार का प्रधान नियुक्त किया है।

सीताराम को हिसार विधानसभा हलके का अध्यक्ष, फोजी सीताराम हिंदवान को नलवा हलके का अध्यक्ष, जितेन्द्र चहल को नलवा हलके का उपाध्यक्ष, उधम सिंह को नलवा हलके का सोशल मीडिया का इंचार्ज, वेदप्रकाश महला को नलवा हलके का किसान मोर्चा का अध्यक्ष, रोहतास खेड़ा को नलवा हलके का एससी विंग का अध्यक्ष, रमेश डूडी को नलवा हलके की युवा इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

पार्टी जिला प्रधान राजेन्द्र सोरखी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। वहीं अपनी नियुक्ति पर इन सभी पार्टी नेताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता, जिला प्रधान राजेन्द्र सोरखी, हिसार लोकसभा क्षेत्र के प्रधान रामनाथ धुवारिया सहित वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए पार्टी के लिये पूरी जिम्मेवारी से कार्य करने का विश्वास दिलाया है।

# आरपीएस पब्लिक स्कूल ने हर्षोल्लास के साथ मनाया शिक्षक दिवस

- यह दिन पूरी तरह शिक्षकों को समर्पित रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

आरपीएस पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास व बड़े धूमधाम तथा गरिमामय वातावरण में मनाया गया। यह दिन पूरी तरह शिक्षकों को समर्पित रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. संदीप देशवाल व मुख्याध्यापिका पूजा राणा द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई।

इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। शिक्षकों ने कविताओं और विचारों के माध्यम से अपने अनुभव सांझा किए एवं शिक्षा का महत्व, गुरुजनों का आदर और अनुशासन का संदेश दिया। समारोह के दौरान विद्यालय के संचालक डॉ संदीप देसवाल ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन मानते थे कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विद्यार्थी के व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षक और अभिभावक दोनों की समान भूमिका होती है। अभिभावकों को समाज का पहला शिक्षक बताते हुए कहा कि घर से प्राप्त संस्कार ही विद्यालय की शिक्षा को पूर्णता प्रदान करते हैं।



**हांसी।** पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित करते विद्यालय निदेशक डॉ संदीप देसवाल, उनके साथ हैं स्कूल प्राचार्या पूजा राणा व अन्य सामान।

### डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन व आदर्शों पर प्रकाश डाला

# ओएसजीयू में मनाया शिक्षक दिवस, 60 शिक्षक किए सम्मानित

**शिक्षकों को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी में शिक्षक दिवस बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती और गणेश वंदना के साथ हुआ। चांसलर डॉ. पुनीत गोयल ने अपने संबोधन में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला और शिक्षकों को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज का भविष्य गढ़ते हैं और सही राह दिखाते हैं। प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी।

इस अवसर पर हरियाणा बोर्ड ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन डॉ. पवन कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र निर्माण की नींव रखते हैं और उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।



**हियार।** ओएसजीयू में शिक्षकों को सम्मानित करते अतिथिगण।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बढ़ाई कार्यक्रम की शोभा**

*शिक्षा के माध्यम से ही हम एक सशक्त और समृद्ध समाज का निर्माण कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एन. पी. कौशिक व प्रति-कुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर ने सभी शिक्षकों को बधाई दी। कार्यक्रम में हरियाणा के अलग- अलग शहरों से लगभग 60 शिक्षकों व ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के शिक्षकों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए समान्नित किया। ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति भी कि गई।*

## खबर संक्षेप



### शिक्षक दिवस पर बाल भवन में कार्यक्रम

**हिसार।** जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर बाल भवन परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विकास पूनिया, संयुक्त सचिव एडवोकेट सुनील भारद्वाज, एडीए राकेश दुग्गल, एडीए नरेश कुमार, एडवोकेट मनोज खुश, कनिका दुग्गल, बजरंग इंदल तथा डॉ. कुलदीप सत्यवती उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं।



### बालसमंद तहसील में भारी बारिश से फसल चौपट

**हिसार।** संयुक्त किसान संघर्ष समिति बालसमंद तहसील व पगड़ी सम्भाल जट्टा किसान संघर्ष समिति की सांझी बैठक बालसमंद में आयोजित की गई जिसमें प्रधान सुरेन्द्र आर्य व प्रधान सतीश बैनीवाल ने संयुक्त रूप से अध्यक्षता की। प्रधान सुरेन्द्र आर्य ने कहा कि पिछले दिनों भारी बारिश के कारण बालसमंद तहसील के लगभग सभी गांवों के किसानों की फसल पूर्णतया चौपट हो गई। किसानों को पचास हजार रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा जल्द जारी करे। किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है। शीघ्र मुआवजा राहत नहीं दी जाती तो समिति आंदोलन करने पर मजबूर होगी।

### शिक्षक राष्ट्र की दिशा तय करने वालेः काम्बोज

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा शिक्षक दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उनके साथ कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी भी उपस्थित रही। कुलपति ने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शक एवं राष्ट्र का शिल्पकार होता है।

### दयानंद कॉलेज में पर्वतारोही का स्वागत

**हिसार।** दयानंद कॉलेज में पर्वतारोही महेश का प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने माला पहनाकर स्वागत किया। महेश कुमार ने माउंट मणिरंग जिसकी ऊंचाई 6593 मीटर है, पर चढ़ाई कर तिरंगा फहराने के साथ-साथ सूर्य नमस्कार कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। कन्नूर और लाहौर-स्पीति की सीमा पर मणिरंग चोटी पर माइन्स 7 डिग्री तापमान व ऑक्सीजन की कमी जैसी चुनौतियों का सामना कर कारनाम करने वाले विश्व के पहले पर्वतारोही हैं।

---

लोग बोले, हुडा सेक्टर व अनाज मंडी को प्राथमिकता, हमारी कॉलोनियां डूबी

# हांसी में जलभराव से परेशान लोगों का प्रदर्शन, नारेबाजी कर जताया आक्रोश

**विधायक ने दिया जल्द पानी निकासी का आश्वासन**

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



हांसी। अनाज मंडी में हंगामा करते लोग और मौके पर पहुंचे विधायक। फोटो: हरिभूमि

कस्बे में शुक्रवार को जलभराव की समस्या से परेशान मुल्तान कॉलोनी और जगदीश कॉलोनी के लोगों ने शुक्रवार को प्रशासन पर बरसाती पानी की निकासी को लेकर भेदभाव किए जाने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने विभागीय अधिकारियों पर पक्षपात करने का आरोप लगाया। लोगों ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सिर्फ हुडा सेक्टर और अनाज मंडी का पानी निकालने में लगे हुए हैं, जबकि हमारी दोनों कालोनियों की गलियां और मकान कई दिनों से पानी डूबे हुए हैं।

दोनों कॉलोनियों की गलियों में कई कई फुट पानी खड़ा हुआ है तथा कॉलोनीवासियों को गंदे पानी के बीच नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं तथा घर से बाहर जाने के लिए गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर हैं।

जलभराव के चलते कई घरों का सामान खराब हो गया है, वहीं जलभराव के चलते दुकानदारों का कारोबार ठप पड़ा हुआ है और उसके उपर मच्छरों के चलते बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। लोगों का कहना था कि किसी भी विभाग के अधिकारियों का हमारी कालोनियों में हुए जलभराव की ओर ध्यान नहीं है।

### चार घंटे में पंप शुरू करवाने का आश्वासन

विधायक के समक्ष प्रदर्शन कर लोगों को विभागीय अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि दोनों कालोनियों में भरे बरसाती पानी की निकासी के लिए अगले 4 घंटे में बड़ा पंप सेट शुरू बरसाती पानी की निकासी का कार्य शुरू कर दिया जाएगा, जिसके बाद राहत मिलेगी। इस अवसर पर व्यापारी नेता रामअवतार तायल ने कहा कि अनाज मंडी से भी अभी तक पानी पूरी तरह नहीं निकला। यहां बरसाती पानी की निकासी के लिए किए जा काम में कभी जेनरेटर खराब हो जाता है तो कभी कोई मशीन। पूर्व प्रधान बजरंग बंसल ने कहा कि हुडा सेक्टर की गलियों में भी जलभराव बना हुआ है, उनकी किसी से कोई द्वेष भावना नहीं है।

**जल निकासी नहीं : भयाना**

विधायक विनोद भयाना ने कहा कि जितना अनुमान था उतने पानी का निकास नहीं हो पाया है, लेकिन सभी प्रशासनिक अधिकारी कड़ी मशक्कत के साथ बरसाती पानी की निकासी में लगे हुए और शहर से बरसाती की निकासी के लिए लगभग सभी लाइनें बिछा दी गई हैं। जल्द ही बड़े पंप सेट लगा कर शहर से बरसाती पानी का समान रूप से निकास किया जाएगा।

**विधायक के सामने फूटा लोगों का गुस्सा**

कॉलोनी के लोगों द्वारा प्रदर्शन किए जाने की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे विधायक विनोद भयाना को भी लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा और लोगों ने उन्हें खूब खरी खरी सुनाई। विधायक विनोद भयाणा ने लोगों को शांत करते हुए विभागीय अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए और लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी कालोनियों की जलभराव समस्या का जल्द समाधान करवाया जाएगा। लेकिन नाराज लोगों ने कहा कि केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगा, जब तक मौके पर मशीनरी और पंप सेट लगाकर पानी निकासी का कार्य शुरू नहीं किया जाता उनका प्रदर्शन जारी रहेगा।

---



नारनौंद। गांव गुराना के खेतों में खड़ा बारिश का पानी। फोटो: हरिभूमि

ग्रामीणों के घरों में घुसा पानी

## नारनौंद क्षेत्र में बारिश से हजारों एकड़ फसल बर्बाद

- धान, कपास, बाजरा, मूंग, सब्जियां व हरा चारा पूरी तरह से खराब हो चुके हैं
- फसलों पर किसान हजारों रुपये खर्च चुके हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौद

लगातार हो रही भारी बारिश के कारण क्षेत्र के दर्जनों गांव ओर खेतों में पानी भर गया। फसल खराब हो गई किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। गांव बास , भकलाना, बडाला, गुराना, डाटा, मसूदपुर, खानपुर, सिंधड़ सहित अनेक गांवों के खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह से खराब हो चुकी हैं। धान, कपास, बाजरा, मूंग, सब्जियां व हरा चारा पूरी तरह से खराब हो चुके हैं। फसलों पर किसान हजारों रुपये खर्च चुके हैं और अधिकांश फसलें पककर तैयार भी हो चुकी थीं, लेकिन बारिश ने सबकुछ बर्बाद कर दिया।

**गांव खानपुर में भी हालात बेहद गंभीर**

किसान बलबीर, अनिल, कुलदीप, धर्मवीर, रमेश, प्रदीप, सुभाष, कपिल, दिनेश आदि ने बताया कि गांव गुराना में करीब 1650 एकड़ धान, 259 एकड़ कपास, 300 एकड़ बाजरा और 140 एकड़ मूंग की फसल पानी में डूबकर नष्ट हो चुकी है। इसके अलावा सब्जियां और हरा चारा भी पूरी तरह खराब हो गया। गांव खानपुर में भी हालात बेहद गंभीर हैं। यहां करीब 450 एकड़ धान, 150 एकड़ कपास, 110 एकड़ बाजरा और 40 एकड़ मूंग की फसल बर्बाद हो गई। वहीं सिंधड़ में करीब 300 एकड़ धान, 100 एकड़ कपास और 100 एकड़ बाजरा की फसल बारिश की भेंट चढ़ गई। सबसे ज्यादा नुकसान गांव डाटा में हुआ है। यहां लगभग ढाई हजार एकड़ में कपास की बिजाई की गई थी, लेकिन लगातार बारिश से कपास का पूरा टिंडा सड़ गया।

---

## गुजवि व सीपीपीआरआई के बीच एमओयू

- विश्वविद्यालय के छात्रों का बढ़ेगा कौशल, रोजगार के अवसर होंगे उपलब्ध : प्रो. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई तथा सीपीपीआरआई के निदेशक डॉ. आशीष कुमार एमओयू का आदान-प्रदान करते हुए। फोटो: हरिभूमि

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं सेंट्रल पल्प एंड पेपर रिसर्च इंस्टीट्यूट, सहारनपुर (सीपीपीआरआई) पैकेजिंग तथा मुद्रण से संबंधित विभिन्न तकनीकों पर मिलकर कार्य करेंगे। इससे गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के कौशल में बढ़ोत्तरी होगी तथा उनके लिए रोजगार के और अधिक अवसर उपलब्ध होंगे। इस संबंध में गुजविप्रौवि व सीपीपीआरआई के बीच एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेंडिंग (एमओयू) हुआ है। गुजविप्रौवि की ओर से कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई और सीपीपीआरआई की ओर से निदेशक डॉ. आशीष कुमार ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। गुजविप्रौवि के कुलसचिव डा. विजय कुमार, डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. नमिता सिंह व सीपीपीआरआई के की नंदिनी शर्मा ने गवाह के रूप में हस्ताक्षर किए।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि यह एमओयू विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों के लिए लाभकारी होगा। इस एमओयू के माध्यम से गुजविप्रौवि तथा सीपीपीआरआई शैक्षणिक, सांस्कृतिक, अनुसंधान, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट सहयोग को बढ़ावा देंगे और गति प्रदान करेंगे। प्रो. संदीप आर्य, प्रो. अनिल भानखड़, प्रो. अर्चना कपूर, डा. वंदना व डा. प्रभजोत उपस्थित रहे।

**छात्र शैक्षिक भ्रमण आयोजित करेंगे**

डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. नमिता सिंह ने कहा कि दोनों संस्थान आपसी सहमति से उभरते क्षेत्रों पर सेमिनार, संगोष्ठियां, सम्मेलन और छात्र शैक्षिक भ्रमण आयोजित करेंगे। दोनों संस्थान राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय वित्त पोषण के सहयोग से संयुक्त शोध गतिविधियां संचालित करेंगे।

---

हवन से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा और नई प्रेरणा का संचार

## सर्वोदय मल्टीस्पेशलिटी एवं कैंसर अस्पताल में हवन किया

- कार्डियोलॉजी, न्यूरो, ऑर्थो, कैंसर, स्त्री रोग अन्य सभी रोगों का इलाज एक छत के नीचे

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। सर्वोदय मल्टीस्पेशलिटी एवं कैंसर अस्पताल में हवन करते स्टाफ व डॉक्टर्स। फोटो: हरिभूमि

सर्वोदय मल्टीस्पेशलिटी एवं कैंसर अस्पताल में शुक्रवार को हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पूरे स्टाफ और डॉक्टरों ने एक परिवार की तरह मिलकर भाग लिया। वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा और नई प्रेरणा का संचार हुआ। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. विनीत यादव ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सर्वोदय सिर्फ एक अस्पताल नहीं है, यह हमारा परिवार है। इस परिवार का हर सदस्य अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, प्रेम और संवेदना के साथ निभाए। मरीज हमारे पास केवल इलाज के लिए नहीं, बल्कि उम्मीद और भरोसे के साथ आते हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम उस भरोसे को कभी टूटने न दें और उन्हें स्वास्थ्य, सम्मान और मुस्कान देकर घर भेजें।

उन्होंने आगे बताया कि सर्वोदय अस्पताल में कार्डियोलॉजी, न्यूरो, ऑर्थो, कैंसर, स्त्री रोग तथा अन्य सभी रोगों का इलाज एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। यहां अत्याधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम हर समय मरीजों की सेवा में तत्पर रहती है।

---

## 5 पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

- पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने प्रशंसा पत्र दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



हांसी। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन। फोटो: हरिभूमि

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में सर्वश्रेष्ठ इनाम योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 5 पुलिस कर्मचारियों, अनुसंधानकर्ताओं व समाज में अच्छे कार्य करने वाले आम नागरिक को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर पुलिस अधीक्षक ने उप निरीक्षक अरविन्द कुमार को सर्वश्रेष्ठ अनुसंधानकर्ता, सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार व मुख्य सिपाही संदीप को शिकायतों व अभियोगों का समय पर निपटारा करने तथा एएसआई राजेश कुमार व एसपीओ कुलदीप को ईमानदारी व लग्न से यातायात व्यवस्था को कन्ट्रोल करने में अहम भुमिका निभाने व टर्न आउट अच्छा पाएं जाने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

---

## हिसार के भले सिंह को मिलेगा राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



जवान भले सिंह।

जिले के रावलवास खुर्द गांव के भले सिंह बालौदा को ऑपरेशन सिंदूर में दिखाए गए अदम्य साहस और कुशल नेतृत्व के लिए राष्ट्रपति द्वारा वीरता पुरस्कार मेंशन इन डिस्पैच प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार के लिए नाम का चयन हो गया और आगामी बड़े कार्यक्रम में हिसार के वीर सैनिक को सम्मान दिया जाएगा। सम्मान के लिए चयन होने पर प्रसन्न भले सिंह ने कहा कि उनके खून में राजस्थान और हरियाणा दोनों प्रदेशों का रक्त दौड़ता है। हरियाणा के परिवेश ने मुझे साहसिक कदम उठाने में बहुत मदद की है। यह पुरस्कार न केवल भले सिंह की बहादुरी का सम्मान है, सबके लिए गर्व का विषय भी है। मूलरूप से राजस्थान के भले सिंह का परिवार हरियाणा में पिछले 35 वर्षों से हिसार जिले के रावलवास खुर्द गांव में रहता आ रहा है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा कक्षा पहली से 10 तक इसी गांव में हुई थी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वरिष्ठ भारतीय वायुसेना की एस-400 यूनिट में कार्यरत भले सिंह लांचर इंचार्ज के रूप में तैनात थे।

**आग के बीच जोखिम उठाया**

10 मई की रात को जब एक लांचर अत्यधिक मिसाइल फायरिंग के कारण और खराब हो गया, तो उन्होंने इसे मौके पर ही छोड़कर बाद में ले जाने के फैसले को टाल दिया। उन्होंने अपनी चार सैनिकों की टीम के साथ आसमान से बरसते ड्रोन और मिसाइलों की आग के बीच साहसिक निर्णय लिया और लांचर को ठीक करने का जोखिम उठाया। बिना घबराए, शांत मन से अपनी जान हथेली पर रखकर उन्होंने लांचर सिस्टम को दुरुस्त किया और इसे नए ठिकाने पर पहुंचाया।

**मिसाइल ठीक कर बनाया निशाना**

सैनिक भले सिंह ने लांचर सिस्टम को ठीक कर सुरक्षित स्थान पर लाए। इसके तुरंत बाद, जैसे ही पाकिस्तान की ओर से हमला हुआ, उसी लांचर से उन्होंने एक क्रूज मिसाइल को निशाना बनाया। अपने अदम्य साहस और कुशल नेतृत्व के दम पर भारतीय वायुसेना की निर्णायक जीत में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले भले सिंह को इस वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है।

---

## हकृवि में मनाया गणपति उत्सव

- नृत्य एवं रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा के छात्राएं एवं अन्य अधिकारी।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में गणपति उत्सव बड़े धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया गया। धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं एवं शिक्षकों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा द्वारा दीप प्रज्वलित के साथ हुई। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने गणपति बप्पा की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। कालेज में नृत्य एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**नृत्य प्रतियोगिता में भूमिका प्रथम**

नृत्य प्रतियोगिता में भूमिका प्रथम, मुनीषा द्वितीय व सवीटी तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता में सवी, प्रिया व गीता प्रथम, अंजली, अंजली महेश्वरी व खुशी द्वितीय तथा रचना, कोमल, रितीका, मुस्कान, रोमा और मन्जु तृतीय स्थान पर रही। विभागाध्यक्ष डॉ. किरण सिंह एवं डॉ. कविता दुआ जाधव के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

---

नगर निगम के मुख्य सभागार में निगमायुक्त नीरज की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक

## डोर-टू-डोर की दोनों एजेंसियां जल्द करेगी कार्य शुरू : निगमायुक्त

अधिकारियों व एजेंसी प्रतिनिधियों के साथ कार्य प्रणाली को लेकर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। बैठक को संबोधित करते निगमायुक्त नीरज। फोटो: हरिभूमि

शहर में सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी व सुनियोजित बनाने के उद्देश्य से नगर निगम ने दो नई एजेंसियों को डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य के लिए नियुक्त किया है। इस सिलसिले में नगर निगम के मुख्य सभागार में निगमायुक्त नीरज की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में 'करणी कॉर्पोरेशन' और वी वायस प्राइवेट लिमिटेड' एजेंसियों के प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए और कार्य प्रणाली को लेकर चर्चा की गई। निगमायुक्त नीरज ने दोनों एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे तुरंत अपने-अपने कार्य क्षेत्रों का सर्वे प्रारंभ करें। यह सर्वे क्षेत्र की प्रत्येक प्रॉपर्टी आईडी के आधार पर किया जाएगा, जिसमें मकानों से निकलने वाले कचरे की मात्रा जानकारी एकत्रित की जाएगी। आरएफ टैग लगाने का कार्य भी एजेंसियां के द्वारा किया जाएगा, जिससे कचरा संग्रहण की निगरानी और ट्रैकिंग को तकनीकी रूप से मजबूत किया जा सके। निगमायुक्त ने जानकारी दी कि करणी कॉर्पोरेशन को शहर के वार्ड 1 से 10 तक डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का कार्य सौंपा गया है। यह एजेंसी 9 सितंबर से अपना कार्य आरंभ कर देगी।

**स्वच्छता व्यवस्था में बड़ा बदलाव आएगा**

निगमायुक्त नीरज ने कहा कि इन दोनों एजेंसियों के सक्रिय होने से शहर की स्वच्छता व्यवस्था में बड़ा बदलाव आएगा। यह कदम हरियाणा सरकार के स्वच्छता अभियान के अंतर्गत लिया गया है, जिससे हिसार को साफ-सुथरा की दिशा में आगे बढ़ाया जा सके। इस दौरान एक्सईएन जयबीर डूडी, एक्सईएन अमित कौशिक, जेई प्रवीण चौहान सहित एंजेसियों के संचालक व कर्मी मौजूद रहे।